## न्यूज डायरी



### भाषण दे रहे थे स्पेनिश पीएम, तभी रूसी विमानों के घुसपैठ का आया अलर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैड्रिड। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज को लिथुआनिया में रूसी लड़ाकू विमानों के घुसपैठ के कारण अपना प्रेस कॉन्फ्रेंस आधे में ही छोड़ना पड़ा। सुरक्षा अधिकारी स्पेनिश प्रधानमंत्री को तुरंत हाई सिक्योरिटी जोन में लेकर चले गए। जिसके बाद नाटो के लड़ाकू विमानों ने इसी एयरबेस से उड़ान भरकर रूसी घुसपैठी विमानों को खदेड़ दिया। ये लड़ाकू विमान पोलैंड और लिथुआनिया के बीच स्थित रूसी राज्य कैलिनिनग्राद से बिना फ्लाइट पाथ के उड़ान भर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, स्पेनिस पीएम पेड्रो सांचेज नाटो के लिथुआनिया स्थित एयरबेस के दौरे पर गए हुए थे। इस दौरान उन्होंने नाटो के प्रति समर्थन का ऐलान करने के लिए उड़ान भरने को तैयार लड़ाकू विमानों के आगे प्रेस कॉन्फ्रेंस करना शुरू कर दिया। ये लड़ाकू विमान घुसपैठ विरोधी अभियानों के लिए मिसाइलों से लैस थे। इस घटना के दौरान स्पेनिश पीएम के साथ लिथुआनिया के राष्ट्रपति गीतानास नौसेदा भी खड़े थे।

### यूरोपीय संसद ने चीन के खिलाफ पारित किए कई प्रस्ताव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रसेल्स। यूरोपीय संसद ने चीन को बड़ा झटका देते हुए 2022 में होने वाले बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के बहिष्कार का ऐलान किया है। यूरोपीय संसद के सांसदों ने सहमति जताते हुए कहा कि हमें चीन के मानवाधिकारों के हनन के कारण बीजिंग 2022 शीतकालीन ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले निमंत्रण को अस्वीकार करना चाहिए। इन सांसदों ने अपनी सरकारों से मांग करते हुए कहा कि उन्हें उइगुर मुसलमानों को लेकर चीन के व्यवहार पर और अधिक प्रतिबंध लगाना चाहिए। इसके अलावा यूरोपीय देशों को हॉन्ग कॉन्ग में लोकतंत्र समर्थकों का समर्थन करना चाहिए। यूरोपीय संसद ने जिन प्रस्तावों को पारित किया उनमें हॉन्ग कॉन्ग के सरकारी अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाना भी शामिल है। इसके अलावा चीन के साथ प्रत्यर्पण संधि को तत्काल प्रभाव से खत्म करने और बीजिंग ओलंपिक के डिप्लोमेटिक बॉयकॉट का आह्वान भी किया।

### घबराई अफगान सरकार ने भारत–रूस–चीन से मांगी सैन्य मदद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान से अमेरिकी फौज की विदाई के बाद से ही तालिबान ने हमले तेज कर दिए हैं। तालिबान ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने देश के 85 फीसदी हिस्से पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया है। जिसके बाद घबराई अफगान सरकार ने भारत, रूस और चीन से मदद की गुहार लगाई है। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हमदुल्ला मोहिब ने कहा कि अफगानिस्तान रूस, चीन और भारत की सेनाओं सहित बाकी देशों से किसी भी टेक्टिकल या आतंकवाद विरोधी अभियान के समर्थन का स्वागत करता है। अफगान एनएसए ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना यह भी कहा कि किसी भी बाहरी देश को अफगान सरकार के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

### लॉस एंजिल्स के मेयर एरिक गार्सेटी होंगे भारत में अमेरिका के नए राजदूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडने ने लॉस एंजिल्स के मेयर एरिक गार्सेटी को भारत में अमेरिका का नया राजदूत नियुक्त किया है। वाइट हाउस ने इस बात की जानकारी दी है। अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट से मंजूरी मिलने के बाद 50 वर्षीय गार्सेटी भारत में मौजूदा यूएस राजदूत केनेथ जस्टर की जगह लेंगे। अमेरिकी प्रतिनिध सभा के मेंबर ब्रैड शेरमेन ने ट्वीट किया, श्मैं दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए लॉस एंजिल्स के मेयर एरिक गार्सेटी के साथ काम करने को लेकर उत्सुक हूं।श वाइट हाउस ने कई अन्य राजदूतों के साथ एरिक गार्सेटी के नाम की घोषणा करते हुए कहा कि वह 2013 से लॉस एंजिल्स शहर के मेयर रहे हैं और उनके पास शानदार अनुभव है। मैं इस भूमिका में सेवा करने के लिए नामांकन स्वीकार करते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

# 16 लाख किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आ रहा सौर तूफान

चेतावनी

## रविवार को धरती से टकराने का खतरा

तूफान के कारण सैटेलाइट सिग्नलों में आ सकती है बाधा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। सूरज की सतह से पैदा हुआ शक्तिशाली सौर तूफान 1609344 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पृथ्वी की तरफ बढ़ रहा है। यह सौर तूफान रविवार या सोमवार को किसी भी समय पृथ्वी से टकरा सकता है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि इस तूफान के कारण सैटेलाइट सिग्नलों में बाधा आ सकती है। विमानों की उड़ान, रेडियो सिग्नल, कम्यूनिकेशन और मौसम पर भी इसका प्रभाव देखने को मिल सकता है।



**ध्रुवों पर दिखेगी रात में तेज रोशनी:** स्पेसवेदर डॉट कॉम वेबसाइट के अनुसार, सूरज के वायुमंडल से पैदा हुए इस सौर तूफान के कारण पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र के प्रभुत्व वाले अंतरिक्ष का एक क्षेत्र में काफी प्रभाव देखने को मिल सकता है। उत्तरी या दक्षिणी अक्षांशों पर रहने वाले लोग रात में सुंदर आरोरा देखने की उम्मीद कर सकते हैं। ध्रुवों के नजदीक आसमान में रात के समय दिखने वाली चमकीली रोशनी को आरोरा कहते हैं।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का अनुमान है कि ये हवाएं 1609344 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हो सकता है कि इसकी स्पीड और भी ज्यादा हो। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर अंतरिक्ष से महातूफान फिर आता है तो धरती के लगभगर हर शहर से बिजली गुल हो सकती है।

**पृथ्वी पर क्या होगा असर?:** सौर तूफान के कारण धरती का बाहरी वायुमंडल गरमा सकता है जिसका सीधा असर सैटलाइट्स पर हो सकता है। इससे जीपीएस नैविगेशन, मोबाइल फोन सिग्नल और सैटलाइट टीवी में रुकावट पैदा हो सकती है। पावर लाइन्स में करंट तेज हो सकता है जिससे ट्रांसफॉर्मर भी उड़ सकते हैं। हालांकि, आमतौर पर ऐसा कम ही होता है क्योंकि धरती का चुंबकीय क्षेत्र इसके खिलाफ सुरक्षा कवच का काम करता है।

**1989 में भी आ चुका है सौर तूफान:** वर्ष 1989 में आए सौर तूफान की वजह से कनाडा के क्थ्यूबेक शहर में 12 घंटे के के लिए बिजली गुल हो गई थी और लाखों लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ा था। इसी तरह से वर्ष 1859 में आए चर्चित सबसे शक्तिशाली जिओमैग्नेटिक तूफान ने यूरोप और अमेरिका में टेलिग्राफ नेटवर्क को तबाह कर दिया था।

इस दौरान कुछ ऑपरेटर्स ने बताया कि उन्हें इलेक्ट्रिक का झटका लगा है जबकि कुछ अन्य ने बताया कि वे बिना बैट्री के अपने उपकरणों का इस्तेमाल कर ले रहे हैं। नार्दन लाइट्स इतनी तेज थी कि पूरे पश्चिमोत्तर अमेरिका में रात के समय लोग अखबार पढ़ने में सक्षम हो गए थे।

## हैती के राष्ट्रपति की हत्या में दो देशों का कनेक्शन!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पोर्ट–ऑ–प्रिंस। हैती के राष्ट्रपति जोवेनेल मोइसे की हत्या में शामिल अपराधियों की धड़पकड़ के लिए पूरे देश में अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि उन्होंने इस हत्याकांड में शामिल 17 संदिग्धों को पकड़ा है। इनमें से 15 कोलंबिया के नागरिक हैं, जिनमें एक सेना का पूर्व कर्नल बताया जा रहा है। वहीं बाकी के दो अमेरिकी नागरिक हैं। हैती के अधिकारियों ने हैती मूल के अमेरिकी नागरिकों की पहचान जेम्स सोलागेस और जोसफ विंसेंट के रूप में की है। उधर, हैती की अंतरिम सरकार ने बाइडन प्रशासन से देश की सुरक्षा के लिए अमेरिकी सेना को तैनात करने का अनुरोध किया है।

**हैती में अमेरिकी सेना की तैनाती का किया अनुरोध**

हैती की अंतरिम सरकार ने कहा कि राष्ट्रपति जोवेनेल मोइसे की हत्या के बाद देश में स्थिरता लाने और चुनाव का मार्ग तैयार करने की कोशिश की जा रही है। इसी के मद्देनजर देश के अहम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए अमेरिका से अपने सैनिकों की नियुक्ति का अनुरोध किया गया है। अंतरिम प्रधानमंत्री क्लाउड जोसफ ने कहा कि निश्चित तौर पर हमें मदद की आवश्यकता है और हमने अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों से मदद मांगी है।



## तालिबान का अफगानिस्तान के 85 फीसद हिस्से पर कब्जे का दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अमेरिकी सैनिकों के हटने के कदम के बाद से अफगानिस्तान में तालिबान का नियंत्रण तेजी से बढ़ता जा रहा है। अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की हो रही वापसी के बीच आतंकी संगठन तालिबान तेजी से इस देश पर काबिज होता जा रहा है। उसने युद्ध प्रभावित इस देश के 85 फीसद से ज्यादा हिस्से पर कब्जा कर लिया है। तालिबान ने दावा किया कि अफगानिस्ध्तान के 85 फीसदी हिस्से पर उसका नियंत्रण हो चुका है। यह दावा रूस की राजधानी मास्को पहुंचे तालिबान प्रतिनिधिमंडल ने किया है। हालांकि अफगान सरकार ने इस बात का खंडन किया और कहा कि यह सिर्फ दुष्प्रचार है। लेकिन तालिबान के इस दावे से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंताएं बढ़ गई हैं।

## इंडोनेशिया में कोरोना की विनाशकारी लहर से ऑक्सिजन का संकट गहराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जकार्ता। भारत के बाद अब इंडोनेशिया में कोरोना वायरस की विनाशकारी लहर से ऑक्सिजन का संकट पैदा हो गया है। इंडोनेशियाई सरकार सिंगापुर, चीन समेत अन्य देशों से ऑक्सिजन की आपूर्ति के लिए गुहार लगा रही है। महज दो महीने पहले ही इस देश ने ऑक्सिजन संकट से जूझ रहे भारत को हजारों लीटर प्राणदायक वायु देकर मदद की थी। इंडोनेशिया में अब लोगों को भर्ती करने के लिए अस्पतालों में जगह तक नहीं बची है।

**दुनियाभर के देश कर रहे मदद**

इंडोनेशिया की वैश्विक महामारी कार्रवाई के प्रभारी मंत्री लुहुत बिन्साप पंडजैतन ने बताया कि सिंगापुर से 1,000 से अधिक ऑक्सिजन सिलेंडरों, कंसंट्रेटर, वेंटिलेटरों और अन्य स्वास्थ्य उपकरणों की खेप देश पहुंची। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया से भी 1,000 वेंटिलेटर यहां पहुंचे। पंडजैतन ने कहा कि दान में मिली इन आपूर्तियों के अलावा, इंडोनेशिया पड़ोस के सिंगापुर से 36,000 टन ऑक्सिजन और ऑक्सिजन उत्पन्न करने वाले 10,000 कंसंट्रेटर खरीदने की योजना बना रहा है।

उन्होंने कहा कि वह चीन और संभावित ऑक्सिजन स्रोतों के संपर्क में हैं। अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी मदद की पेशकश की है। इंडोनेशिया के अस्पतालों में जगह नहीं बची है। वहीं, मदद की राह जोह रहे हजारों संक्रमितों की रोज मौत हो रही है। दवाई की कमी के कारण लोगों को आपातकालीन चिकित्सा तक नहीं मिल पा रही है।

**अमेरिका भी मदद को आगे आया**

वाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि हम कोविड के मामले बढ़ने के साथ मुश्किल हालातों में घिरे इंडोनेशिया की स्थिति को समझते हैं। उन्होंने बताया कि वैक्सीन भेजने के अलावा, अमेरिका व्यापक कोविड–19 राहत प्रयासों में इंडोनेशिया को दी जाने वाली मदद बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं।

### चीनी सैनिकों को महाशक्तिशाली बनाने के लिए जीन में बदलाव कर रहा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन अपने सैनिकों को महाशक्तिशाली बनाने के लिए उनके ऊपर बायोलॉजिकल एक्सपेरिमेंट कर रहा है। जिन सैनिकों के ऊपर यह प्रयोग किए गए हैं, उनमें से अधिकतर भारत से लगी सीमा पर तैनात हैं। चीनी कंपनी बीजीआई ग्रुप और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के इस जीन रिसर्च प्रोग्राम से भारत के लिए खतरा कई गुना बढ़ गया है। इतना ही नहीं, चीन दुनियाभर के कई देशों के गर्भवती महिलाओं के जेनेटिक डेटा का चोरी छिपे अध्ययन भी कर रहा है। यूके स्थित समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने 7 जुलाई को बताया कि बीजीआई ग्रुप ने ब्रेन सर्जरी से उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनात हान सैनिकों की रक्षा के लिए जीन और दवाओं के बीच बातचीत पर अध्ययन प्रकाशित किया है। बाइडन प्रशासन के सलाहकारों ने मार्च में चेतावनी देते हुए कहा था कि चीनी कंपनी बीजीआई ग्रुप महिलाओं के जीनोमिक डेटा का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ अध्ययन कर रहा है।